# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 15 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 310 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



## मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म,शाह की भी

### बहादुरी निकल जाएगी', रैली में राहुल गांधी का बड़ा हमला

दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और RSS पर सीधे-सीधे हमला बोला। मंच से राहुल गांधी ने आक्रामक अंदाज में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का कॉन्फिडेंस अब लगभग खत्म हो चुका है और कुछ दिनों में अमित शाह की बहादुरी भी सत्ता के जाते ही चली जाएगी।

गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का चेहरा ही बता देता है कि उनका आत्मविश्वास अब पहले जैसा नहीं रहा। उनके मुताबिक मोदी जानते हैं कि उनकी कथित वोट चोरी अब सामने आ चुकी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि सत्ता के सहारे जो खेल खेला गया, वह अब जनता की नजर में आ गया है और यही वजह है कि प्रधानमंत्री अब पहले जैसे आत्मविश्वासी नहीं दिखते।

गांधी ने कहा, ''ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी...सत्य-असत्य की इस लड़ाई में ये चुनाव आयुक्त, BJP के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने इन चुनाव आयुक्तों को बचाने के लिए कानून बदल दिया, जिसमें ये कुछ भी करें, इन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता है। लेकिन याद रखिए- हम इन चुनाव आयुक्तों की रक्षा करने वाले कानून को बदलेंगे और इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।'' अमित शाह पर तीखा हमला, सत्ता जाते ही बहादुरी खत्म रैली में राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह को भी निशाने पर लिया। उन्होंने संसद का जिक्र करते हुए कहा कि अमित शाह का हाथ कांपते हुए देश ने देखा है। राहुल गांधी का कहना था कि अमित शाह की बहादुरी सत्ता तक ही सीमित है। जिस दिन सत्ता हाथ से निकल जाएगी, उसी दिन उनकी बहादुरी भी खत्म हो जाएगी। इस बयान पर मैदान में मौजूद भीड़ ने जोरदार प्रतिक्रिया दी। गांधी ने महात्मा गांधी के विचारों का हवाला देते हुए कहा कि गांधी जी के लिए सत्य सबसे ऊपर था। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में सत्यम शिवम् सुन्दरम् और सत्यमेव जयते जैसे विचार हैं। इसके उलट राहुल गांधी ने RSS प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान का जिक्र किया, जिसमें शक्ति को अहम बताया गया



है। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है और कांग्रेस सत्य के साथ खड़ी है। चुनाव आयोग और वोट चोरी पर गंभीर आरोप राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर चुनाव आयोग को अपने पक्ष में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय पैसे बांटे गए और वोट चोरी की गई। राहुल गांधी ने चुनाव आयुक्तों के नाम गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कानून बदलकर उन्हें सुरक्षा दी। उन्होंने ऐलान किया कि सत्ता में आने पर इस कानून को बदला जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। कांग्रेस नेताओं का एकजुट संदेश रैली में कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी सरकार पर हमला बोला। के सी वेणुगोपाल ने इसे दिल्ली की सबसे बड़ी रैलियों में से एक बताया और जनता के गुस्से की बात कही। राजीव शुक्ला ने वोट चोरी और फर्जी वोटिंग के आरोप दोहराए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी की लड़ाई देश और जनता के लिए है और इसे मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में बहस न होने और बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दों को दबाने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के बयानों को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए पलटवार किया। दिल्ली की इस रैली ने साफ कर दिया है कि चुनावी माहौल में सियासी तल्खी और तेज होने वाली है। राहुल गांधी के तेवर और कांग्रेस का आक्रामक रुख आने वाले दिनों में राजनीति की दिशा तय कर सकता है।

## पीएम मोदी के साथ मंथन

### गुजरात BJP की नई टीम पर दिल्ली में लग सकती है मुहर



**नई दिल्ली। गुजरात भारतीय जनता पार्टी के नए संगठन के गठन को लेकर आज दिल्ली में एक बेहद अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात भाजपा के शीर्ष नेता संगठन को लेकर गहन मंथन करेंगे। लंबे समय से अटकी पड़ी संगठनात्मक घोषणा को लेकर आज बड़ा फैसला होने की संभावना जताई जा रही है।**

इस महत्वपूर्ण बैठक में गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी और संगठन महामंत्री रत्नाकर मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि ये सभी नेता बीती रात ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। बैठक में प्रदेश संगठन की संरचना, पदाधिकारियों के चयन और आने वाले चुनावी रोडमैप पर विस्तार से चर्चा होगी। गौरतलब है कि 4 अक्टूबर को जगदीश विश्वकर्मा को गुजरात भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अध्यक्ष बने उन्हें लगभग दो महीने का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक प्रदेश संगठन की नई टीम का ऐलान नहीं हो सका था। कभी रणनीतिक कारण तो कभी केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के चलते यह प्रक्रिया लगातार टलती रही।

#### सूत्रों के अनुसार

बैठक में गुजरात भाजपा की नई संगठनात्मक टीम पर अंतिम मुहर लग सकती है। पार्टी के लिए यह फैसला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि फरवरी के बाद राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में संगठन का मजबूत, सक्रिय और जमीन पर काम करने वाला होना जरूरी है, ताकि नई टीम को चुनाव से पहले पर्याप्त समय मिल सके और वह पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर सके। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन दे सकते हैं। बैठक के बाद गुजरात भाजपा संगठन में नए चेहरों को जिम्मेदारी मिलने और पुराने पदाधिकारियों में फेरबदल की भी संभावना है। अब सभी की निगाहें इस बैठक पर टिकी हैं, क्योंकि इसके बाद गुजरात भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकती है।

## ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कान्फ्रेंस उद्घाटन में बोले CM धामी

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड के विकास के साथ ही सांस्कृतिक मूल्यों, जनसंख्या संतुलन और सामाजिक संरचना के संरक्षण के प्रति सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड की नीतियां और नवाचार आज अन्य राज्यों के लिए आदर्श बन कर विकसित भारत की दिशा तय करने में भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ''विकसित भारत: 2047, विकास भी, विरासत भी'' थीम पर आयोजित तीन-दिवसीय 47वीं आल इंडिया पब्लिक रिलेशन कांफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री धामी ने सहस्त्रधारा रोड स्थित होटल एमराल्ड ग्रैंड में आयोजित कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए देशभर से आए जनसंपर्क विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं युवा प्रतिभाओं का स्वागत किया और कहा कि इस वर्ष की थीम ''पीआर विजन फार 2047'' विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि अब पब्लिक रिलेशन केवल सूचना संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अंग है। वर्तमान डिजिटल युग में, सूचना की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर गलत सूचनाओं की चुनौती भी है। ऐसे में सरकार और जनता के बीच सही, समयबद्ध और भरोसेमंद संवाद स्थापित करना जनसंपर्क की बड़ी जिम्मेदारी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे प्राकृतिक आपदा एवं सामरिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, सुशासन, धार्मिक एवं पर्यटन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भविष्य की पीआर प्रणाली को तेज, तकनीकी रूप से सक्षम और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील बनाना होगा, ताकि सरकार और जनता के बीच साझेदारी और विश्वास का संबंध स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि पब्लिक रिलेशन संकट के समय एक सक्षम कमांड सेंटर की भूमिका निभाने के साथ-साथ, देश के लिए सकारात्मक नैरेटिव गढ़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य कीअर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024-25 में लगभग 3.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने जा रहा है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है और बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी आई है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना, दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस-वे, रोपवे परियोजनाएं तथा हवाई अड्डों के विस्तार जैसे कार्य विकास को नई गति दे रहे हैं।

# सिविल अस्पताल में हंगामा,दुर्घटना में एक घायल

**सलीम हुसैन**



दुर्घटना में एक घायल को लेकर उसके 5 साथी सिविल अस्पताल पहुंचे थे कि ड्रेसिंग की बात को लेकर ड्रेसर रणजीत के साथ मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारी ने विरोध किया तो उसके साथियों ने अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दी। मामला जिले के पेटलावद सिविल अस्पताल का है जहाँ यह घटना शाम को 5.45 बजे पेटलावद सिविल अस्पताल नल्दी निवासी धर्मेंद्र नन्दलाल भाभर इलाज कराने गया था , वहां ड्रेसर के द्वारा दवाई लगाने के दौरान उसने थप्पड़ जड़ दिया। ड्रेसर द्वारा विरोध करने पर उसके साथ आए पांच साथियों ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ जमकर विवाद किया और अस्पताल में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की। इस घटना में रणजीत बसोड, विष्णु भूरिया को चोट लगी है। इसी बीच हॉस्पिटल में मौजूद एक पुलिसकर्मी अजय बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी साथ भी झूमाझटकी की गई। मामले में स्वास्थ्य विभाग के सीबीएमओ डॉक्टर एम.एल चोपड़ा थाने पर पहुचे है ओर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई करवाई जा रही है। पुलिस ने 6 लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एफआईआर के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

# "नेशनल लोक अदालत में 17771 प्रकरणों का निराकरण"

इन्दौर। कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला, प्रशासनिक जज म.प्र. उच्च न्यायालय इन्दौर खंडपीठ के मार्गदर्शन में व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इन्दौर के नेतृत्व में 13 दिसम्बर, 2025 (शनिवार) को जिला न्यायालय, इन्दौर, श्रम न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, एवं तहसील स्तर पर तहसील न्यायालय, डॉ. अम्बेडकर नगर, देपालपुर सांवेर व हातौद में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे से किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इन्दौर के सचिव/न्यायाधीश श्री शिवराज सिंह गवली ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला मुख्यालय के साथ ही बाह्यवर्ती न्यायालय डॉ. अम्बेडकर नगर, देपालपुर, सांवेर, हातौद, परिवार न्यायालय, जिला उपभोक्ता फोरम एवं




श्रम न्यायालय में निराकरण हेतु गठित कुल 84 खण्डपीठों में आपराधिक 181 प्रकरण, सिविल के 85 प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्लेम के 673 प्रकरण, विद्युत के 207 प्रकरण, चेक बाउंस के 827 प्रकरण, वैवाहिक के 144 प्रकरण, श्रम के 14 प्रकरण, बैंक रिकवरी के 03 प्रकरण एवं अन्य 1622 प्रकरण इस प्रकार कुल 3756 प्रकरणों में 60 करोड से अधिक की राशि के अवार्ड/डिकी पारित किये गये तथा प्रीलिटिगेशन के जलकर के 2354 प्रकरणों में 1,54,10,147/- तथा सम्पत्तिकर के 11371 प्रकरणों में 23,04,80,208/- रूपये की राशि जमा की गई। इसी तरह बैंक रिकवरी, बीएसएनएल, विद्युत, फाईनेंश कम्पनी व अन्य श्रेणी के 290 प्रकरणों में 01 करोड से अधिक की राशि के अवार्ड / डिकी/मुआवजा / वसूली के आदेश पारित किये गये।

# पृथ्वी चंदन शिवा मंडल महामंत्री भाजपा का जन्मदिवस बड़ी सदगी से मनाया गया

**खुशबू श्रीवास्तव**

विधानसभा 4 के मंडल भाजपा महामंत्री का जन्मदिवस बड़ी ही सादगी से मनाया गया जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पृथ्वी चंदन शिवा द्वारा अनिका बच्ची जो एक गंभीर बीमारी से झूज रही है उसके इलाज के लिए सभी नागरिकों से अपील की अपने सभी भाजपा के पदाधिकारी से कहा कि हम सबको मिलकर एक साथ होकर ज्यादा से ज्यादा लोगों के पास जाकर अनिका की मदद करनी होगी हम जैसे इंदौर को सफाई में नंबर वन लाते हैं ऐसे ही सभी मिलकर अनिका के इलाज के लिए भी अपने शहर इंदौर को नंबर वन में लाएँगे मंडल महामंत्री जी ने कहा की अनिका हम सबकी बेटी है और हम सब मिलकर अपनी बिटिया रानी को यह इंजेक्शन जरूर लगवाएंगे और जल्द से जल्द या इंजेक्शन हमारी बिटिया रानी को लगेगा यह हम सभी का वादा है कार्यक्रम मे अखिलेश वर्मा लखन देपाले,सावन, राज, वीनू,राज एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।



# सांसद खेल महोत्सव प्रारम्भ

**महेश्वर प्रेमचंद गुप्ता**

आज सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत महेश्वर में विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओ का खरगोन जिला प्रभारी मंत्री आदरणीय श्री Vishvas Kailash Sarang जी एवं राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री Dr. Sumer Singh Solanki जी भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा दीदी जी विधायक राजकुमार जी मेव जी SDM पूर्वा मंडलोई की गरिमामय उपस्थिति में शुभारंभ किया। इस दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों संबोधित कर उनसे आत्मीय परिचय प्राप्त कर उन्हें उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए यह खेल महोत्सव युवा ऊर्जा को नई दिशा प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, देवतुल्य कार्यकर्ता, मातृशक्ति, खेल शिक्षक एवं प्रखिलाड़ीयों सहित परिवारजनो की उपस्थिति रही




# श्री गुरु रतन मंडल के संस्थापक अनिल परिहार की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**जितेन्द्र वर्मा**

महू मे श्री गुरु रत्न मंडल के संस्थापक स्व श्री अनिल परिहार की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन तेली खेड़ा में चल रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए नकद एवं आकर्षक ट्रॉफी वहीं द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपए नकद एवं आकर्षक ट्रॉफी रहेगी। मैच में आइबीडब्ल्यू को छोड़कर सारे नियम लागू है। आयोजन समिति के सुमित भाटी ने बताया कि मंडल द्वारा सभी धार्मिक आयोजन किए जाते हैं यह क्रिकेट मैच का आयोजन पहली बार किया गया है और यहां मंडल 25 वर्ष पुराना है इस क्रिकेट का आयोजन युवाओं को खेल के प्रति जोड़ने के लिए किया गया है वहीं शनिवार को मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता अंतर सिंह दरबार पहुंचे थे जिनका समिति सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

इंदौर
इंदौर, सोमवार 15 दिसम्बर 2025
रणजीत टाइम्स


# संत सेवालाल महाराज जी चौक निर्माण की मांग, विधायक को सौंपा गया ज्ञापन

राजेश धाकड़

इन्दौर।गौर बंजारा दल इन्दौर (मध्यप्रदेश) के नेतृत्व में बंजारा समाज के प्रतिनिधियों ने रोबोट चौराहे से हजारीबाग के बीच, महक वाटिका के सामने स्थित स्थान को संत सेवालाल महाराज जी चौक घोषित किए जाने एवं चौक निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–5 के माननीय विधायक श्री महेंद्र हार्डिया जी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समाजजनों ने अवगत कराया कि वार्ड क्रमांक 40 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 में बंजारा समाज की बड़ी संख्या में आबादी निवासरत है। संत सेवालाल महाराज जी बंजारा समाज के आराध्य, मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत हैं। उनके नाम से चौक का निर्माण होने से समाज की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान और



सामाजिक सम्मान को मजबूती मिलेगी, साथ ही क्षेत्र के नागरिकों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा।

ज्ञापन सौंपते समय गौर बंजारा दल के अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र राठौर, महासचिव श्री जितेन्द्र राठौर, कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री पवन पंवार, छत्रसाल मंडल अध्यक्ष श्री रामबाबू यादव, मंडल महामंत्री श्री विपिन पाटीदार, मंडल मंत्री श्री दीपक गोविंद चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त श्री सचिन जाधव, श्री अनिल राठौड़, श्री आकाश पवार , श्री विक्की सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। माननीय विधायक श्री महेंद्र हार्डिया जी ने समाजजनों की मांग को गंभीरता से सुना तथा शीघ्र उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। समाजजनों ने विधायक महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि संत सेवालाल महाराज जी के नाम से चौक निर्माण का प्रस्ताव जल्द ही धरातल पर साकार होगा।

# विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा शाहपुर प्रखंड के ग्राम फोपनार व ग्राम नेर उच्च माध्यमिक विद्यालय नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजन किया



## मातृ शक्ति जिला संयोजिका संगीता दीदी ,जिला सह संयोजिका दीपका दीदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ संपन्न

महेन्द्र मालवीय

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति द्वारा देशभर में 7 दिसंबर से 14 दिसंबर तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने फोपनार स्कूल में इस अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता शाहपुर थाना प्रभारी श्री मान अखिलेश मिश्रा ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति होते हैं और समाज व देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें। उन्होंने कहा देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आज हम सब नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संकल्प लेते हैं कि हम न केवल अपने समाज, परिवार और मित्रों को जागरूक करेंगे, बल्कि स्वयं भी नशा मुक्त रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी दिनेश राठौड़ जिला प्रचार प्रसार प्रमुख ने दी, जिला अध्यक्ष प्रेमजी पटेल उपाध्यक्ष संतोष जी पंडित जिला मंत्री युवराज जी पाटिल,भूषण जी पाटिल, महिमा जी पटवारी मेडम , संध्या जी गोस्वामी ,स्कूल प्राचार्य ,शिक्षिक ,शिक्षिका छात्राएं प्रखंड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



आदित्य शर्मा

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी आर सी डावर सर के नेतृत्व में दिनांक-14/12/2025 को वृत्त- छावनी में वृत- उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन TVS जुपिटर क्रमांक-MP.09. EA.3510 को रोककर तलाशी लेने पर उसके आगे रखी थैली में 15 पाव प्लेन एवं डिक्की खोलकर उसकी तलाशी लेने पर उसमें 85 पाव देशी मदिरा प्लेन कुल=100 पाव देशी मदिरा प्लेन,(18 बल्क लीटर) अवैध मदिरा प्लेन परिवहन कर ले जाई जा रही को जप्त कर आरोपी - विनोद पिता देवीसिंह चौहान उम्र 27 वर्ष, निवासी- छोटा बांगड़दा गरीब नवाज कॉलोनी इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 97,500/- रुपए रही।

आज की कार्यवाही में आरक्षक श्री भगवानदास बिरला,श्री निहालसिंह बुंदेला,श्रीमती इंदु ठाकुर ,श्री कुलदीप चौहान एवं श्री विकाश मंडलोई का सराहनीय योगदान रहा ।

# वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्र २,आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्री शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी जी ,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल जी के नेतृत्व में आज दिनांक 14/12/2025 को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ बिजलपुर में गश्त के दौरान एक दोपहिया वाहन क्रमांक MP09UJ1564 सफेद कलर की होंडा एक्टिवा से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 30 पाव देशी मदिरा एवं 14 कैन जब्त कर आरोपी चंद्रकांत साहू पिता रामबिलावन साहू नि-बिजलपुर इंदौर को पकड़ लिया गया। आरोपी के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत लगभग 62500/- रुपए निकाली गई है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी जया मुजाल्दे,आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा , संगीता यादव ,राहुल जामोद और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा ।

# बिना लाईसेंस की पार्टी पर आबकारी की कार्रवाई



**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती प्रीति चौबे एवं सी के साहु के नेतृत्व में दिनांक-12/12/2025 को वृत्त- मालवा मिल अ, ब, राज मोहल्ला, भोई मोहल्ला की टीम के द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों की शिकायत पर निपानिया क्षेत्र स्थित पिनैकल ड्रिम बिल्डिंग में अवैध रुप से संगृहित कर रखी अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

की कार्यवाही में बिल्डिंग के फ्लैट से 20 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद कर 2 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपीयों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा की कुल कीमत 33500/- रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक श्री अरविंद शर्मा, श्री विपुल खरे , श्री विक्रम यादव, श्री विजय सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**



कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज कुमारअग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक-12/12/2025 को वृत्त-आंतरिक क्षेत्र क्रमांक 01 में वृत- उप निरीक्षक आशीष कुमार जैन की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गश्त शंका के आधार पर अभिलाषा नगर चौराहा नेमावर रोड इंदौर पर एक दोपहिया वाहन क्रमांक-MP09VD1677 को रोककर वाहन स्वामी के बैग की तलाशी लेने पर परिवहन कर ले जाई जा रही उसमें गत्ते की एक पेटी मे 50 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त कर आरोपी विक्की शर्मा पिता अशोक शर्मा उम्र 23 वर्ष निवास B-3 सुविधि नगर छोटा बांगरदा रोड इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 43750/- रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक मुकेश रावत,विपुल खरे, वीरेन्द्र पटेल तथा नर्मदा अलावा का सराहनीय योगदान रहा।

# इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई अभियान




बिना हेलमेट 742 वाहन चालकों पर कार्यवाही सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने तथा नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिनांक को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 742 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान कार्रवाई की गई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु हेलमेट का सदैव उपयोग करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आदित्य शर्मा**

आरोपी के कब्जे से लगभग 36.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 3,70,000/- रुपए) जप्त आरोपी ने पूछताछ में सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बिक्री करना कबूला। आरोपी दिहाड़ी वेतन पर मजदूरी करता है एवं 8 वीं तक ही पढ़ाई की है। अपराध क्रमांक- 214/2025 , धारा- 8/21 घटना स्थल- संजय सेतु के पास संजय सेतु पार्किंग इंदौर

आरोपी का नाम - देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान

जब्त माल का विवरण : - 36.39 ग्राम "ब्राउन शुगर" व एक दोपहिया वाहन होंडा स्प्लेंडर कुल मश्रुका 4,50,000/- रुपए

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर


देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान



प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश, पतारसी करने के दौरान शहर के संजय सेतु के पास संजय सेतु पार्किंग इंदौर क्षेत्र में एक व्यक्ति दिखा जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगा जिससे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लग जिसे घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान का होना बताया। जिसकी विधिवत तलाशी लेते 36.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर व एक दोपहिया वाहन होंडा स्प्लेंडर बरामद किया गया। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस कार्यवाही - आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अधिक लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर 'ब्राउन शुगर' इंदौर शहर में बेचता था। आरोपी देवीलाल से 36.39 ग्राम "ब्राउन शुगर" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 214/25 धारा 8/21 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी द्वारा 10 जोड़ों का निकाह संपन्न शहर काजी ने की दुआ



**आदित्य शर्मा**

आज ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के अध्यक्ष सलीम लाइक ने बताया कि कमेटी द्वारा पिछले 20 वर्षों से निशुल्क शादी समारोह आयोजित किया जा रहा है इस मौके पर आज 10 जोड़ों का निकाह कार्यक्रम ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि इंदौर शहर के शहर काजी इशरत अली साहब मुफ्ती अहमद यार खा हाफिज अनवर साहब एवं संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस मौके पर डॉक्टर काजी इशरत अली ने कहा कि सलीम लाइक साहब पिछले 20 वर्ष से निशुल्क शादी करवा कर यह संदेश दे रहे हैं कि ऐसी शादी होने से मध्यम परिवार को काफी मदद मिलती है साथ ही दूल्हा दुल्हन को भी समझाइश दी गई कि किसी प्रकार से भी घर मे आपसे मन मुटाव नहीं होना चाहिए ऐसी कभी स्थिति बनती है तो हमारे पास आए पुलिस थानों पर कानूनी कार्रवाई न करें हम इसका बैठकर अच्छा हल निकालेंगे इस मौके पर कमेटी के मुख्य रूप से अध्यक्ष सलीम लाइक पार्षद अयाज बैग अनवर देहलवी मंजूर अहमद फारूक भाई साजिद रॉयल शकील अता राजिक देहलवी अब्दुल वहाब मुस्ताक बाबा वारसी आसिफ भाई शाहनवाज भाई सुफियान मेमन रियाज खान शाहिद देहलवी रियाज कादरी मोहम्मद परवेज सलमान लाइक तारीख इकबाल सोहेल पठान मुकेश बजाज रिहान अंसारी आदि लोग मौजूद थे सभी ने खुशी जाहिर करते हुए समाज में अपील की है कि हमेशा इस तरह की शादी होने से गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को काफी सहयोग और मदद मिलती है ऐसे कार्य सभी लोगों को मिलकर करना चाहिए ।



कुरु क्षेत्र ज्ञान वशिष्ठ महा वाल्मीकि रामायण के समापन और राष्ट्रीय संत समागम समापन समारोह में शामिल हुए एक तू ही जयगुरूदेव सदगुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब ,ज्ञान आश्रम के गद्दीनशीन संत गिरधारी नाथ पंजाब अमृत सर महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी विवेक नाथ महाराज देहली, एक तू ही गुरुद्वार जयगुरूदेव विश्व प्राकृतिक आध्यात्मिक ध्यान मंदिर ओर षट्दर्शन बद्रिकाश्रम महंत बाल योगी मौनी ब्रह्मचारी यशवर्धन महाराज साहेब इंदौर मध्य प्रदेश, संत राम दास हरियाणा,संत जयराज महाराज तमिलनाडु, कार्यक्रम के आयोजन कर्ता महामंडलेश्वर स्वामी संगम नाथ सिंह कुरु क्षेत्र संगम नाथ महाराज का एक तू ही जयगुरूदेव द्वारा एक तू है अवॉर्ड सम्मान पत्र पेन कलम एक चंदन की माला ओर शॉल से सम्मानित किया ओर सभी संतों से स्वागत किया।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने बेहतर पुलिसिंग को लेकर, पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की ली बैठक

**आदित्य शर्मा**

इंदौर - शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर करने तथा उसमें और कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर नगरीय क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ एक कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन आज दिनांक 13.12.25 को कार्यालय के सभागार में किया गया उक्त बैठक में अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर श्री अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) इंदौर श्री आर. के. सिंह सहित नगरीय क्षेत्र के सभी पुलिस उपायुक्तगण, अति. पुलिस उपायुक्तगण, सभी सहायक पुलिस आयुक्तगण एवं सभी थाना प्रभारीगण उपस्थित रहें।

उक्त बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने विगत समय में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाहियों की जोन वाइज समीक्षा की । जिसमे इस वर्ष के अभी तक के अपराधों की समीक्षा कर, गंभीर अपराधों, माइनर अपराध, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, विवेचना में तकनीक के उपयोग व कार्यवाही, पुलिस न्यायालयों की कार्यवाही सहित यातायात व्यवस्था व प्रबंधन, चेंकिंग व ड्रोन पेट्रोलिंग एवं सामुदायिक पुलिसिंग के तहत की जा रही कार्यवाही आदि पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने ''हमें रिएक्टिव नहीं, प्रिवेंटिव पुलिसिंग करनी है'' ये संदेश देते हुए शहर में बेहतर पुलिस व्यवस्था व कार्यवाही के लिए सभी को निम्न निर्देश दिए-

पुलिस की कार्यवाही में और कसावट लाने के लिए थाना क्षेत्रों के बीट और माइक्रो बीट सिस्टम को सक्रिय कर, कार्यों की समीक्षा व सतत निगरानी की जावें। बीट/माइक्रो बीट व डायल-112 में लगाए पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी तय कर, लगातार मॉनिटरिंग की जावें । बदमाशों, असामाजिक तत्वों व आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और बाउंड ओवर की कार्यवाही निरंतर रूप से की जाए। चाइनीज व प्रतिबंधित मांझे के विरूद्ध प्रभावी व सख्त कार्यवाही के साथ जागरूता कार्यक्रमों को भी जारी रखा जावें।

पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों के कार्यो की लगातार मॉनिटरिंग की जावे और कार्यप्रणाली को और बेहतर किया जाए। थानों के कार्यो की समीक्षा हेतु, डीसीपी व एडीशनल डीसीपी लगातार अपने क्षेत्रों के थानों का निरीक्षण करें व कार्यप्रणाली को और बेहतर करवाएं। लंबित व गंभीर प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष प्रयास कर, प्राथमिकता के साथ कार्यवाही की जाए और इनकी लगातार समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जावें।

थानों/कार्यालयों में अपनी समस्याएं व शिकायत लेकर आने वाले आवेदकों की बात संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए और त्वरित निराकरण हेतु प्रयसा किये जाए साथ ही सीएम हेल्पलाईन व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निराकरण किया जाए।

शहर में आपराधिक व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु रात्रि में प्रभावी चौकिंग के लिए थाना प्रभारी भी उपस्थित रहकर कार्यवाही करें व वरिष्ठ अधिकारीगण भी समय समय पर इसकी मॉनिटरिंग व ब्रीफिंग करें, ये भी निर्देशित किया।क्षेत्र में ड्रोन पेट्रोलिंग कर, असामाजिक तत्वों व बदमाशों के हॉट स्पॉट व शैडो एरिया पर की जा रही निगरानी व चेंकिंग निरंतर जारी रखी जाएं व इसे और प्रभावी बनाया जाए। अपराधों के अनुसंधान में सीसीटीएनएस के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-समंस/वारंट आदि को और बेहतर करने के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

सुरक्षित यातायात हेतु जागरूकता कार्यक्रमो के साथ नियम तोड़ने वाले चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जावें।

# जायसवाल का तूफानी शतक

## मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जायसवाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक और यादगार पारी खेलते हुए मुंबई को ऐतिहासिक जीत दिलाई। हरियाणा के खिलाफ सुपर लीग मुकाबले में जायसवाल के विस्फोटक शतक की बदौलत मुंबई ने 235 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज़ दर्ज किया। इस जीत ने न सिर्फ मुंबई की ताकत दिखाई, बल्कि जायसवाल को भारत के सबसे खतरनाक टी20 बल्लेबाज़ों में भी शामिल कर दिया।

### हरियाणा का मजबूत स्कोर, मुंबई के सामने बड़ी चुनौती

सुपर लीग के इस अहम मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए विशाल स्कोर खड़ा किया। उनके बल्लेबाज़ों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मुंबई के गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया। 235 रनों का लक्ष्य टी20 क्रिकेट में आसान नहीं माना जाता, खासकर नॉकआउट चरण जैसे मुकाबलों में। लेकिन मुंबई की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी और डगआउट में मौजूद खिलाड़ियों को भरोसा था कि अगर शुरुआत अच्छी रही, तो मैच पलट सकता है।

### यशस्वी जायसवाल का 48 गेंदों में शतक

लक्ष्य का पीछा करने उतरे यशस्वी जायसवाल ने शुरुआत से ही साफ संकेत दे दिया कि यह उनका दिन है। बाएं हाथ के इस ओपनर ने गेंदबाज़ों को कोई मौका नहीं दिया और मैदान के चारों ओर शानदार शॉट्स लगाए। जायसवाल ने महज 48 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनके टी20 करियर का चौथा शतक रहा। उनकी टाइमिंग, फुटवर्क और आत्मविश्वास देखने लायक था, जिसने हरियाणा के गेंदबाज़ी आक्रमण को पूरी तरह बेअसर कर दिया। अंशुल कंबोज की 13 गेंदों पर उन्होंने 34 रन बटोरे।

सुमित कुमार के एक ओवर में उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों में 25 रन ठोक दिए। उनकी इस आक्रामक बल्लेबाज़ी ने रन रेट को लगातार मुंबई के पक्ष में बनाए रखा और हरियाणा की रणनीति पूरी तरह बिगड़ गई।

### 101 रन पर आउट

23 साल के जायसवाल 18वें ओवर में 101 रन बनाकर आउट हुए, जब मुंबई जीत से सिर्फ सात रन दूर थी। हालांकि वह शतक के बाद ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके, लेकिन तब तक मैच पूरी तरह मुंबई की पकड़ में आ चुका था। मुंबई ने 15 गेंद शेष रहते चार विकेट से मुकाबला जीत लिया और टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी को और मजबूत कर लिया।

### ● सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज

लक्ष्य 236: झारखंड ने 237/4 बनाकर पंजाब को हराया - अंबी, दिसंबर 2025
लक्ष्य 235 : मुंबई ने 238/6 बनाकर हरियाणा को हराया - अंबी, दिसंबर 2025
लक्ष्य 230 : मुंबई ने 233/6 बनाकर आंध्र को हराया - हैदराबाद, दिसंबर 2024
लक्ष्य 227 : पुडुचेरी ने 228/6 बनाकर आंध्र को हराया - मुंबई, जनवरी 2021
लक्ष्य 223 : बड़ौदा ने 224/3 बनाकर पंजाब को हराया - हैदराबाद, दिसंबर 2025

# शतक के बाद शतक ठोकने वाले वैभव सूर्यवंशी को चाह कर भी नहीं खिला सकता भारत

## 103 दिन तक आईसीसी के नियम में कैद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के लिए यह साल गजब का रहा। आईपीएल से लेकर अंडर 19 एशिया कप तक... हर एक टूर्नामेंट में सूर्यवंशी ने अपनी छाप छोड़ी। वैभव 6 अलग-अलग टूर्नामेंट/सीरीज में सेंचुरी ठोक चुके हैं। वह शतक पर शतक ठोके जा रहे हैं और रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले आईपीएल 2025 में सिर्फ 35 बॉल में शतक ठोका था। इसके बाद भारतीय अंडर 19 टीम के लिए उन्होंने वनडे और टेस्ट में शतक ठोका।

फिर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और इंडिया के लिए भी सेंचुरी लगाई। अब एशिया कप अंडर 19 में भी सूर्यवंशी ने सेंचुरी जड़ दी। इसका मतलब है कि सूर्यवंशी का बल्ला जमकर बोल रहा है। लेकिन, टीम इंडिया चाहा कर भी उनको टीम में शामिल नहीं कर सकती। उनको ऐसा करने से आईसीसी का नियम रोकता है। आखिर क्या कहता है आईसीसी का नियम, आइये जानते हैं। आईसीसी के नियम के मुताबिक, इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम उम्र 15 साल होनी चाहिए। 2020 में यह नियम बना था। बता दें कि वैभव अभी 14 साल के हैं और वो अगले साल यानी 2026 में 27 मार्च को 15 साल के होंगे। अभी उनके 15 साल के होने में 103 दिन बाकी हैं। उससे पहले वैभव भारत के लिए नहीं खेल सकते हैं।

### आईपीएल 2026 में सूर्यवंशी पर होंगी सबकी नजरें

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सबकी नजरें वैभव सूर्यवंशी पर होंगी। सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन कर लिया था। उनको पिछले साल मेगा ऑक्शन में आरआर ने खरीदा था। सूर्यवंशी ने आईपीएल में अब तक 7 मुकाबले खेले हैं और 206.56 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए हैं। उनके नाम आईपीएल में 1 शतक और 1 अर्धशतक भी है। इस वक्त वैभव सूर्यवंशी अंडर 19 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# विराट कोहली का नाम फिर चर्चा में, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ झूठा नॉमिनेशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर इन दिनों दावा किया जा रहा है कि विराट कोहली को आईसीसी ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2025 के लिए नामांकित किया गया है। इन दावों के साथ रन, औसत और शतकों के आंकड़ों वाली ग्राफिक्स भी तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, हकीकत इससे अलग है और ये दावे भ्रामक हैं। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अभी तक अपने वार्षिक अवॉर्ड्स के लिए किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। परंपरा के अनुसार, साल खत्म होने के बाद जनवरी महीने में ही सभी कैटेगरी के लिए शॉर्टलिस्ट जारी की जाती है। यानी कैलेंडर ईयर के दौरान नॉमिनेशन की घोषणा नहीं होती।

### कहां से फैली गलतफहमी?

इस भ्रम की बड़ी वजह विराट कोहली का 2025 में शानदार वनडे प्रदर्शन हो सकता है। कोहली ने इस साल 13 मैचों में 651 रन बनाए हैं, उनका औसत 65.10 रहा है, जिसमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135 रन की पारी और पाकिस्तान के खिलाफ शतक ने भी सुर्खियां बटोरीं। लेकिन शानदार फॉर्म का मतलब यह नहीं कि नॉमिनेशन हो चुका है।

# कैमरून ग्रीन आईपीएल में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे

ारण अपने मैनेजर की गलती को बताया है। ग्रीन आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन के लिए ्द को एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के रूप में रजिस्टर किया है, जबकि वह एक फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा। रविवार सुबह एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण सत्र से पहले ग्रीन ने कहा, 'मैं गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन उनकी तरफ से कुछ गलती हो गई। उनका मतलब 'बल्लेबाज' कहना नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने गलती से गलत बॉक्स चुन लिया। यह सब जिस तरह से हुआ वह काफी मजेदार है, लेकिन वास्तव में गलती उनकी तरफ से ही हुई थी। लंबे कद के 26 वर्षीय ऑलराउंडर ग्रीन ने 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह नीलामी में हिस्सा लेने वाले सबसे बड़े नामों में से हैं और उनके लिए मोटी बोली लगने की उम्मीद है। ग्रीन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है।

# सहजयोग, श्री कृष्ण द्वारा भगवद्गीता में वर्णित योग की साक्षात् अनुभूति है



भगवद्गीता एक पवित्र ग्रंथ है, ऐसा माना जाता है कि इसे भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन को बताया था। गीता की मुख्य विशेषता यह है कि यह किसी एक विचारधारा या वाद जैसे कि द्वैत - अद्वैत, दर्शन अथवा संप्रदाय विशेष के लिए न होकर मनुष्य मात्र के कल्याण हेतु साक्षात् परमात्मा द्वारा संप्रेषित की गई है। गीता का उद्देश्य अर्जुन को युद्ध के लिए प्रेरित करना नहीं था वरन् मानव जाति को यह बताना था कि संसार में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं जिसमें मानव का कल्याण नहीं हो सकता। गीता में श्री कृष्ण ज्ञानयोग, भक्तियोग व कर्मयोग के द्वारा परमशक्ति से एकाकारिता की बात करते हैं। परंतु इन तीनों ही योग का अर्थ अत्यंत व्यापक है। चाहे फल रहित कर्म हो, निर्विकल्प बोध का ज्ञानयोग हो अथवा अनन्य भक्ति की स्थिति हो मायापति ने माया का चक्रव्यूह रचा है। इससे बाहर आने का एक ही मार्ग है आत्मबोध। पर विभिन्न मतानुसार आत्मबोध की प्राप्ति तो कठिन साधना के फलस्वरूप ही हो सकती है। अतः अधिकांश व्यक्ति स्वयं को इस पथ पर चलने योग्य नहीं मानते। परंतु वर्तमान में श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान आत्मबोध की प्राप्ति का एक सहज मार्ग है। आदिशक्ति स्वरूपा श्री माताजी द्वारा सहजयोग कुंडलिनी जागरण के शाश्वत ज्ञान पर आधारित है। जो भी जिज्ञासु साधक श्री माताजी के समक्ष स्वयं को समर्पित कर आत्मज्ञान को प्राप्त करने की इच्छा प्रकट करता है तत्क्षण वह इसे प्राप्त कर इसकी अनुभूति अपने तालु व हथेलियों पर कर सकता है। आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति व नियमित ध्यान द्वारा शनैः - शनैः हम वर्तमान में चित्त को स्थिर कर गीता में वर्णित कालातीत, गुणातीत व धर्मातीत हो जाते हैं।इस संसार के सभी भौतिक संतापों से स्वयं ही मुक्ति प्राप्त हो जाती है और हम नित्य प्रति साक्षी स्वरूप हो परमात्मा से एकाकारिता स्थापित करने में सक्षम हो जाते हैं। अतः सहजयोग श्री कृष्ण द्वारा गीता में वर्णित तमाम योगों की साक्षात् अनुभूति है। सहजयोग पूर्णतः निःशुल्क है। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# 2027 के चुनाव में BJP को कैसे मिलेगा बहुमत? CM योगी ने बताया प्लान, कार्यकर्ताओं को दी नसीहत

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यकर्ताओं को नसीहत और सुझाव दिए हैं. उन्होंने कहा कि प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है. इस हिसाब से 65 फीसदी लोगों के नाम वोटर लिस्ट में होने चाहिए. प्रदेश में जो 18 साल से ऊपर के मतदाता हैं उनकी संख्या 16 करोड़ है. एसआईआर के बाद 12 करोड़ नाम आए हैं. 2025 की मतदाता सूची में इनकी संख्या 15 करोड़ 44 लाख थी. संख्या बढ़ने के बजाय घटी है. यह चार करोड़ का गैप मिसिंग है।

सीएम योगी ने कहा कि यह आपका विरोधी नहीं है. इसमें से 85 से 90% आपका मतदाता है. चार श्रेणी में देखिए. फॉर्म नहीं पहुंचा. 12 दिन बचे हैं. इनका बेहतर उपयोग करें. चुनाव बूथ पर लड़ा जाता है. बूथ मजबूत होना चाहिए. ड्राफ्ट सूची की नकल मिल गई है, उसे देखिए. हर बूथ पर 200 से 250 घर होंगे. कार्यकर्ता आसानी से देख सकता है. शिफ्ट करने वालों की भी सूची है. उन्होंने कहा कि मैं एक जिले में गया. मतदाता सूची में कुछ बांग्लादेशियों के भी नाम थे. ऐसे मतदाता देखे कि मतदाता 20 साल, बाप की उम्र 30 साल और दादा 30 साल का है, हमें इसे ठीक से देखना होगा. वह भी फर्जी होगा. गांव असम में, मतदाता बने हैं सम्भल में।

सीएम योगी ने कहा कि हर बूथ से गलत नाम पर आपत्ति होनी चाहिए. फटाफट लोगों के फॉर्म भरवाएं. इससे चुनाव के वक्त की तीन चौथाई मेहनत खत्म हो जाएगी. उन्होंने कहा कि फिर चुनाव के दौरान सिर्फ एक काम रह जाएगा. जनता को भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए काम से अवगत कराना. यह काम कार्यकर्ता आसानी कर लेंगे. पहले जो मतदाता छूट गए हैं उन्हें जोड़ने का काम किया जाए. तब ही 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को तीन चौथाई सीटों के साथ बहुमत मिलेगा. सीएम योगी ने अपने इस बयान से कार्यकर्ताओं 2027 के चुनाव को लेकर सक्रिय हो जाने का ऐलान कर दिया है. लोकसभा चुनाव में मिले झटके के बाद सीएम योगी विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी सक्रिय हो चुके हैं।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की घोषणा के बाद सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि यूपी में 2017 से पहले बिजली नहीं आती थी और तब के सत्ता में बैठे लोग इसके अभ्यस्त थे क्योंकि डकैती तो अंधेरे में ही होती है. अप्रैल 2017 में केंद्रीय मंत्री पीयूष ने जो रोस्टर तय किए थे वह आज भी लागू है. देश में एक्सप्रेसवे का 55% हिस्सा यूपी में है. उन्होंने कहा कि बीमारू राज्य से आगे निकलकर यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बनकर उभरा है. यूपी दंगामुक्त हुआ है. यूपी में निवेश आए हैं।

## नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर इंदौर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी...




इंदौर - शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य एवं नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी अनुक्रम में कल दिनांक 12 दिसंबर की सुबह से आज 13 दिसंबर की सुबह तक नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध, इंदौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 06 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 30000/- रुपये का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया । साथ ही उन्हें हिदायत भी दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

# M.K.V.V. स्कूल के स्टूडेंट्स ने इंदौर पुलिस की पाठशाला में सायबर फ्रॉड से बचने का लिया ये ज्ञान....

**ऑनलाइन खेल रहे हो गेम या कर रहे हो पढ़ाई........, हमेशा ध्यान रखो, सतर्कता व सावधानी बरतने की सिखलाई।**



**आदित्य शर्मा**

इंदौर- वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ M.K.V.V. स्कूल इंदौर में पहुंचकर, वहां उपस्थित करीब 250 स्टूडेंट्स को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया उन्होंने सभी से कहा कि हम लोग आजकल ज्यादा से ज्यादा काम डिजिटल रूप में ऑनलाइन कर रहे हैं। आप लोग पढ़ाई के साथ ही ऑनलाइन गेम भी खेल रहे हो पर इस दौरान सावधानी को ध्यान नहीं रखते और अपराधियों के लुभावने वाले ऑफर की बातों में आ जाते हो। इसलिए हमेशा ध्यान रखों किसी भी अनजान व्यक्ति या ऐप्प, वेबसाइट पर विश्वास न करें, और कुछ भी गलत लगे तो अपने बड़ों या पुलिस को बताएं।

अतः सायबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन, फाइनेंशियल कार्य, पढ़ाई करें, और अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें । इस दौरान उन्होंने सभी को साइबर अपराधों के प्रति अवेयर करने वाले इंदौर पुलिस के AI आधारित आधुनिकतम सुरक्षा चेटबोट की जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा Safe Clicks-AI Agentic solutions (Chatbot) बनाया गया है, जो साइबर फ्रॉड से बचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आणंद से चलकर कारवां अभियान

**पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत धार जिले में संचालित दुग्ध समिति साजोद पहुंचा, जहां इंदौर दुग्ध संघ के अधिकारियों, समिति के संचालक मंडल सदस्यों, दुग्ध उत्पादक सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा दल का स्वागत किया गया, अभियान अंतर्गत दल के सदस्यों द्वारा इस अभियान के उद्देश्य, सहकारिता के महत्व और लाभ, दुग्ध समिति के सदस्य, प्रबंधकारिणी समिति और कर्मचारियों के अधिकार एवं दायित्व जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, साथ ही दुग्ध उत्पादक सदस्यों से चर्चा भी की गई जिसमें उन्होंने दुग्ध समिति संचालन से संबंधित अपने अनुभव भी साझा किए। कारवां दल का नेतृत्व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की उप महाप्रबंधक श्रीमती अनन्दिता बैद्य ने किया अन्य



सदस्य श्री सुनीत गौतम, सुश्री प्रेरणा कश्यप और श्री अर्चन ठाकर इस अभियान में शामिल रहे।साथ ही इंदौर सहकारी दुग्ध संघ परिसर में कारवां अभियान के अन्तर्गत एक्सिलेंस बाल विनय मन्दिर स्कूल एवं सरदार पटेल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ कारवां दल द्वारा संवाद कर इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया | कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त दल द्वारा स्कूल ऑफ सोशल वर्क इंदौर में भी छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया गया, अन्त में फ्लैग ऑफ करके कार्यक्रम का समापन किया गया।

# इंदौर के विकास का नया अध्याय: मेट्रो, मेट्रोपॉलिटन विस्तार और 700 करोड़ का सुपर हॉस्पिटल

## मुख्यमंत्री मोहन यादव के एक्शन मोड में बड़े फैसले, अंडरग्राउंड मेट्रो से लेकर 1450 बेड के नए एमवाय अस्पताल तक शहर को मिली ऐतिहासिक सौगात





**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर प्रवास के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को लेकर कई बड़े और दूरगामी फैसले लिए। ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मैराथन समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने 20 से अधिक महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए इंदौर को देश के विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने का संकल्प दोहराया।

बैठक में मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर अहम निर्णय लिया गया। बंगाली कॉलोनी क्षेत्र से मेट्रो का रूट अंडरग्राउंड रहेगा, जिस पर लगभग 800 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस बदलाव से प्रोजेक्ट की समय-सीमा प्रभावित नहीं होगी। इसके साथ ही शहर में भविष्य की जरूरतों को देखते हुए एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण और उसके संभावित विस्तार पर भी सहमति बनी। बीआरटीएस हटने के बाद नए सिरे से ट्रैफिक सर्वे कर शहर के लिए 25 साल का दीर्घकालीन ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा। इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन के विस्तार पर भी गहन चर्चा हुई। प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र करीब 14 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला होगा, जिसमें इंदौर के साथ उज्जैन, देवास, धार, महू की नगर पंचायतें और रतलाम शहर के हिस्से शामिल किए जाएंगे। इसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र का सुनियोजित विकास और शहरों के बीच मजबूत कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर-उज्जैन मेट्रो प्रोजेक्ट पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री ने इंदौर को बड़ी सौगात दी। उन्होंने 1450 बेड वाले नए महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवाय अस्पताल) भवन का भूमिपूजन किया। करीब 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाला यह आधुनिक अस्पताल सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं से युक्त होगा। नए भवन में नर्सिंग हॉस्टल, ऑडिटोरियम, सुव्यवस्थित पार्किंग और बाहरी विकास कार्य भी शामिल होंगे, जिससे इंदौर सहित आसपास के जिलों के लाखों मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

इसके अलावा बैठक में महिला सुरक्षा, नशे पर नियंत्रण, नाइटलाइफ पॉलिसी, नई रिंग रोड, बायपास और यातायात सुधार जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा कर इंदौर को भविष्य के लिए तैयार, सुरक्षित और आधुनिक शहर बनाया जाए।

# मेसी के इंडिया टूर प्रमोटर को नहीं मिल पायी राहत

## कोर्ट ने 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी के इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और ऑर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को रविवार को बिधाननगर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिली। कोर्ट ने दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। बीते दिन स्टेडियम में इवेंट के बाद जमकर हंगामा हुआ था और फैंस ने जमकर तोड़फोड़ की थी। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से इवेंट के कुप्रबंधन के आरोप में गिरफ्तार किया था, जहां वह मेसी और उनके दल को हैदराबाद जाते समय छोड़ने गए थे। एक अधिकारी ने कहा कि दत्ता की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट को बताया कि उनके क्लाइंट को निशाना बनाया जा रहा है और फंसाया जा रहा है। दत्ता के वकील ने कहा,हमें उम्मीद है कि अगले 14 दिनों में पुलिस जांच से स्थिति साफ हो जाएगी। जब दत्ता को कोर्ट ले जाया गया तो बीजेपी समर्थकों ने कोर्ट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि स्टेडियम में बड़े पैमाने पर हिंसा और अव्यवस्था तब शुरू हो गई थी, जब मेसी को देखने के लिए महंगे-महंगे टिकट पर लोग स्टेडियम आए थे, लेकिन ज्यादा देर तक झलक नहीं देख सके।



खुशखबरी

# वंदे भारत यात्रियों को मिलेगा अब स्थानीय व्यंजनों का स्वाद!

## यात्रा के दौरान मिलेगी यह खास सुविधा,और सुहाना होगा सफर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को रेलवे भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी शामिल हुए। मीटिंग में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और टिकट बुकिंग सिस्टम में सुधार पर जोर दिया गया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वंदे भारत ट्रेनों में क्षेत्रीय स्थानीय व्यंजन परोसे जाएं, ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान उस इलाके की संस्कृति और स्वाद का अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सुविधा यात्रियों के सफर को काफी बेहतर बनाएगी और भविष्य में इसे सभी ट्रेनों में विस्तारित किया जाएगा। मीटिंग में फर्जी पहचान से ट्रेन टिकट बुकिंग पर भारतीय रेलवे की कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। मंत्री वैष्णव ने बताया कि फर्जी यूजर आईडी का पता लगाने और यूजर पहचान सत्यापित करने की सख्त व्यवस्था लागू हुई है, जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। सुधारों से पहले रेलवे वेबसाइट पर रोजाना करीब एक लाख नई यूजर आईडी बन रही थीं, जो अब घटकर मात्र 5 हजार रह गई हैं। इस कार्रवाई से भारतीय रेलवे ने अब तक 3 करोड़ फर्जी अकाउंट निष्क्रिय कर दिए हैं। इसके अलावा, संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर 2.7 करोड़ अन्य यूजर आईडी को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है या निलंबन के लिए चिह्नित किया गया है। केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि टिकटिंग सिस्टम में और सुधार किए जाएं, ताकि सभी वास्तविक यात्री आसानी से असली और सत्यापित यूजर आईडी के माध्यम से टिकट बुक कर सकें। इससे दलालों और फर्जी बुकिंग पर पूरी तरह अंकुश लगेगा।



# गुजरात के बनासकांठा में पुलिस-फॉरेस्ट टीम पर हमला

## हमले में 47 लोग घायल, दावा-पौधे लगाने गई थी टीम

**बनासकांठा (एजेंसी)।** अंबाजी तीर्थ शहर से 14 किमी दूर दांता तालुका के पाडलिया गांव में शनिवार दोपहर 500 लोगों ने वन विभाग और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इन लोगों ने पत्थरबाजी की। गुलेल चलाए और तीरों से भी पुलिस कर्मियों को निशाना बनाया। भीड़ ने पुलिस और वन विभाग के सरकारी वाहनों में भी आग लगा दी। टीम गांव में पौधारोपण करने पहुंची थी। इसी दौरान गांव वालों ने टीम हमला कर दिया। हमले के दौरान वन विभाग के वाहनों में आग लगा दी गई और सरकारी वाहनों के टायर काट दिए गए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने 50 से ज्यादा गोलियां चलाईं और लगभग 20 आंसू गैस के गोले दागे। पाडलिया गांव में वन विभाग के सर्वे नंबर 9 क्षेत्र को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। गांववालों को आशंका है कि उन्हें जमीन से बेदखल कर दिया जाएगा। इसी को हमले की मुख्य वजह माना जा रहा है। अंबाजी के पीआई की हालत गंभीर इस घटना में पुलिस, वन और राजस्व विभागों के 47 अधिकारी घायल हुए हैं।



# हम जहां रहते हैं वो हिंदू घर जैसा सजा होना चाहिए

## भागवत बोले-हिंदुओं को एकजुट होकर देश को आगे ले जाना होगा

**श्री विजय पुरम (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि हिंदुओ को एकजुट होकर देश को आगे ले जाना होगा। इसके लिए वैसा ही आचरण करना होगा। हम जहां रहते है वो हिंदू घर की तरह सजा होना चाहिए। हमें यह तय करना होगा कि घर की दीवारों पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर हो या माइकल जैक्सन की। भागवत ने ये बातें अंडमान के श्रीविजय पुरम में स्थित नेताजी स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हिंदू एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानता। बाकी दुनिया इसके उलट सोचती है। अगर हिंदू जागेंगे तो दुनिया जागेगी।

दुनिया मानती है कि भारत ही रास्ता दिखाएगा। समस्याओं पर समय बर्बाद करने के बजाय हमें समाधान खोजने चाहिए। किसी भी काम को पूरा करने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है और शक्ति केवल एकता से आती है। दुनिया सत्य को नहीं शक्ति को देखती है। जिसके पास शक्ति है उसी की बात मानी जाती है। एक मजबूत समाज बनाने और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकता आवश्यक है। इसके साथ ही भागवत ने टकराव से बचने की भी सलाह दी। भगवान कृष्ण और जंगल में रहने वाले एक राक्षस के बारे में महाभारत की एक कहानी सुनाते हुए कहा कि अर्जुन और सात्यकि ने राक्षस से लड़ने की कोशिश की, लेकिन हर वार से वह और बड़ा होता गया। कृष्ण ने हस्तक्षेप किया, टकराव से बचाया और बिना लड़ाई के उसे वश में करने के लिए समझदारी का इस्तेमाल किया। सबक यह है कि हर समस्या के लिए बल की आवश्यकता नहीं होती। समाधान स्थिति को समझने पर निर्भर करते हैं। हम परिवार के साथ घूमने जाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप पेरिस, सिंगापुर जाओ। दुनिया घूमने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कभी-कभी श्री विजयपुरम भी जाओ, वहां सेल्युलर जेल देखो। लोगों ने यहां जेल में अपनी जिंदगी बिताई है। वे झुके नहीं, वे टूटे नहीं। उन्होंने आजाद भारत देखा। भागवत का तीन दिन का अंडमान दौरा पूरा आरएसएस सरसंघचालक के रूप में भागवत का केंद्र शासित प्रदेश का यह पहला दौरा था। लगभग दो दशक पहले, वह संगठन के सरकार्यवाह (महामंत्री) के रूप में द्वीप समूह का दौरा कर चुके थे। वह तीन दिन के लिए यहां पहुंचे थे। यह दौरा 11-13 दिसंबर तक का था।

